# फसल बीमा मामले में हाईकोर्ट ने बैंक शाखा प्रबंधक को लगाई फटकार

**गोटेगांव, देशबन्धु।** किसानों के फसल बीमा के मामले में हाई कोर्ट में स्टेट बैंक आफ इंडिया ब्रांच खमरिया झांसीघाट के शाखा प्रबंधक को फटकार लगाते हुए कहां कि तुम और तुम्हारा बैंक ईमानदार है तो किसानों का मय ब्याज के भुगतान 7 दिवस के अंदर कर दे ।

मामला किसान फसल बीमा का है नरसिंहपुर जिले की तहसील गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ब्रांच खमरिया झांसीघाट के द्वारा वर्ष 2015 में किसानों का फसल बीमा का प्रीमियम काटा गया था और किसानों की फसल क्षति होने पर उन्हें बीमा की राशि का भुगतान न करते हुए उनका प्रीमियम वर्ष 2016 वापस कर दिया था।

जिसमें पीड़ित किसानों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वर्ष 2018 से ही मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई चल रही है जिसमें लगातार स्टेट बैंक से जवाब तलब किया जा रहा है। दिनांक 25 / 3 / 2025 में इस मामले की सुनवाई हुई जिसमें स्टेट बैंक आफ इंडिया ब्रांच खमरिया झांसीघाट जिला नरसिंहपुर के ब्रांच मैनेजर महेंद्र शर्मा अपने एडवोकेट रोहित जैन के साथ उपस्थित हुए।



**शाखा प्रबंधक एवं उनका स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ईमानदार है तो किसानों को सात दिन में मय ब्याज के करे भुगतान : हाईकोर्ट**

बैंक की तरफ से पक्ष रखते हुए एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि प्रीमियम भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा लिया गया था और कृषि वित्त निगम को भेजा गया था पालिसी जनरेटर है प्रीमियम संग्रह के बाद यह पाया गया कि बैंक सोयाबीन फसल के बीमा के लिए प्रीमियम एकत्र करने में विफल रहा और इसलिए प्रीमियम वापस कर दिया गया बैंक ने अपना कर्तव्य निभाया है और प्रीमियम वापस करने के बाद वे उत्तरदायी नहीं है।

वहीं किसानों के और से पक्ष रखते हुए एडवोकेट आशीष पोद्दार ने बताया कि खरीद 2015 के लिए फसल बीमा कराया गया था एक आदमी के तौर पर हम जो समझते हैं वह आए हैं कि भारत में खरीफ की फसल जून और जुलाई में बोई जाती है और अक्टूबर और नवंबर में काटी जाती है।

आशीष पोद्दार ने बताया कि बैंक ने अक्टूबर 2015 में प्रीमियम जमा किया था और किसानों को प्रीमियम दिसंबर 2016 में वापस किया गया । आप प्रश्न है उठना है कि 2015 में खरीफ फसल की सफलता के बाद क्या आया है बैंक या कृषि वित्त निगम जिसने भारतीय स्टेट बैंक को अपना एजेंट नियुक्त किया है, वह बताएं।

दिसंबर 2016 में प्रीमियम वापस किया जा सकता है जब किसानों की फसल बर्बाद हो चुकी हो । क्या यह कहना उचित नहीं होगा कि हमारी गलती के कारण जो कि हमने खरीफ की फसल का बीमा नहीं कराया , अब हम क्षतिपूर्ति देने के लिए उत्तरदायी नहीं है।

इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि प्रश्न का उत्तर बैंक के वकील द्वारा दिया जाए तथा इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक का हल्फनामा दाखिल किया जाए की जो तर्क दिया गया है उसका कानून की नजर में क्या औचित्य है अन्यथा यदि वे सहमत है कि कानून की नजर में उनके पास कोई मामला नहीं है क्योंकि दिसंबर 2016 में प्रीमियम की वापसी उन्हें उनकी गलती से मुक्त नहीं करेगी।

हाई कोर्ट ने कहा कि किसानों को ब्याज सहित मुआवजा देना चाहिए तथा 7 दिनों के भीतर इस अदालत के समक्ष साफ हाथ से बाहर आना चाहिए।

**नरसिंहपुर कलेक्टर एवं स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक को पहले भी लग चुका है 25-25 हजार रुपये का जुर्माना**

नरसिंहपुर कलेक्टर एवं भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया ब्रांच खमरिया झांसीघाट के शाखा प्रबंधक को पूर्व में भी इसी मामले में 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगा था और उन्होंने अपनी जेब से जुर्माने की राशि जमा की थी । किसानों की फसल बीमा के मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में लगातार सुनवाई की जा रही है और सुनवाई करते हुए बैंक से जवाब तलब किया जा रहा है ।

# संबल हितग्राहियों को राशि वितरित, ग्राम देवी का हुआ विकास

**रामाकोना, देशबन्धु।** जिला पांढुर्णा सौसर विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवी की नवनिर्वाचित सरपंच मीनाक्षी भांनगे ने मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना के तहत संबल हितग्राहियों को अंत्येष्टि अनुग्रह राशी प्रदान की गई।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में ग्राम देवी में अनेक विकास कार्य की आधारशिला रच रही हैं भारतीय जनता पार्टी की शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से जनता तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

आज इसी के तहत अनेक जनता से जुड़ी समस्या ओ का समाधान करने का हर संभव प्रयास कर रही हैं चाहे वह सड़क हो या पीने की पानी की समस्या हो सफ़ाई को लेकर भी वह हमेशा प्रत्येक वार्ड में जाकर समस्या का समाधान करने में अपनी सक्रियता दिखाती हुई हमेशा जनता के बीच नजर आती है ।



भारतीय जनता पार्टी का नारी शक्ति को आगे बढ़ाने के प्रयास के तहत महिला की सहभागिता को महत्वपूर्ण समझकर आज इस तरह से एक महिला अपने कामों के आधार पर अधिकारो का उपयोग कर नया आयाम रच रही है यह एक महत्वपूर्ण योगदान माना जाएगा।

## सार-समाचार

### हिमांशी पाठे का हुआ नवोदय विद्यालय में चयन



**बिछुआ, देशबन्धु।** बिछुआ के ग्राम देवरी में सतपुड़ा शारदा शिशु मंदिर में अध्यनरत छात्रा हिमांशु पाठे पिता राजू पाठे का कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी वर्ष 2024-25के लिए चयन हुआ है। चयनित होने पर शाला के प्राचार्य श्री मति सविता,सहित विधालय स्टाफ ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पुष्पराज लोधी का सुयश

**करकबेल, देशबन्धु।** 30 अप्रैल 2025को शासकीय सेवा से निवृति लेने वाले प्राथमिक विद्यालय सगरा के शिक्षक इमरत लाल रजक के कुशल मार्गदर्शन में कक्षा पांच के छात्र पुष्पराज लोधी आत्मज भोजराज लोधी ग्राम छीदामानी नवोदय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर नवोदयन बनने का सपना पूरा किया। विदित हो कि अपने शासकीय सेवा काल में विगत दो दशकों से शिक्षक इमरत लाल रजक के अथक प्रयासों से प्राथमिक विद्यालय सगरा से नवोदय हेतु बच्चें निरंतर चयनित हुए है। बालक पुष्पराज की सफलता को और सफलता हेतु उत्कृष्ट प्रयास करने वाले इमरत लाल को शिक्षक सत्यम नेमा, आनंद नेमा, सुरेन्द्र वैष्णव, महेंद्र विश्वकर्मा, पूनम चौकसे, सतीश कहार, रेवाराम चौधरी, हुलासी मुड़िया, मनोरमा पाठक द्वारा बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।



### शांति समिति की बैठक आयोजित

**बिछुआ, देशबन्धु।** बिछुआ आदिवासी विकास खंड के थाना बिछुआ में आगामी त्योहार के मद्देनजर बैठक बुलाई गई बैठक में मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार श्रीमती सरिता आहके, थाना प्रभारी मोहन मर्सकोले के मुख्य अतिथि में सम्पन्न कराया गया। बैठक में ईद -उल-अजहा एवं नवरात्रि पर्व मनाए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा कर शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने अपील करते हुए शासन कि नियमों का पालन करना चल समारोह में वालेंटियर रखना एवं परमिशन सहित चर्चा करी गई। मुख्य रूप से उपस्थित माता मां मंदिर समिति अध्यक्ष दयाराम कड़वे,जामा मस्जिद सादर साहब खान,सेकेट्री शेख ईसाक बब्लू पेंटर, प्रेस क्लब अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर, पुर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष असलम खान, मिडिया संगठन अध्यक्ष श्रावण कामडे, प्रदेश संगठन मंत्री हेमराज माडेकर , पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष मुस्तकीम खान, सुनील साहु पत्रकार,अशोक करमेले सहित समस्त स्टाफ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था का अनौपचारिक मिलन कार्यक्रम आयोजित



**करकबेल, देशबन्धु।** श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था द्वारा गायत्री शक्ति पीठ चिनकी उमरिया में विगत दिवस अनौपचारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा के पूजन से की गई।

तत्पश्चात सह भोज किया गया। सहभोज में सभी साधकों ने विभिन्न प्रकार की व्यंजनों का लुफ्त उठाया । भोजन प्रसाद के बाद परिचय सत्र का आयोजन किया गया साथ ही अनौपचारिक सत्र पर चर्चा की गई। चर्चा में सत्संग की सूची, अभ्यास वर्ग जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की गई। श्री जय नारायण शर्मा, श्रीमती रंजना शर्मा एवं यमुना विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न प्रकार के शारीरिक एवं बौद्धिक खेल खिलाए गए। कार्यक्रम का समापन, समापन गीत एवं कल्याण मंत्र से किया गया।

कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ चिनकी से मुकेश पटेल, गुलजार पटेल, अनुराग पटेल, हरिराम लोधी, राधेश्याम मलाह, लखन लोधी सहित श्रीगीता निकुंज परिवार से उपस्थित साधकों में शशिकांत मिश्र, जय नारायण शर्मा, राजेंद्र नेमा, अशोक नेमा, कैलाश सोनी, शिवराज रैकवार, संतोष मेहरा, नर्मदा रैकवार, नरेश कौरव, विजय, मनीष विश्वकर्मा, कार्तिक लोधी, कृष्णा भारद्वाज, कनिष्क शर्मा, तुसार विश्वकर्मा, विवान विश्वकर्मा, प्रेमलता ठाकुर, अर्चना शर्मा, राजेश्वरी नेमा, रंजना शर्मा,शिवानी भारद्वाज, शांति विश्वकर्मा,रजनी विश्वकर्मा, यमुना विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

# उत्कृष्ट राजस्व वसूली करने वाले कर्मचारी सम्मानित

**अमरवाड़ा, देशबन्धु** । नगरपालिका अमरवाड़ा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राजा कमलेश शाह नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी ने नगर के महिला रामायण मण्डलों को भजन सामग्री किट वितरित किया।




नगर के महिला मण्डलों ने नपाध्यक्ष के माध्यम से माँग की थी जिसे विधायक राजा कमलेश शाह ने तत्काल पूरा करते हुए पाँच मंडलों को भजन सामग्री ढोलक मंजीरे खड़ताल दरी और रामायण ग्रंथ भेंट किया ।संबल योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को चार लाख की राशि के चेक वितरित किए गए।

विधायक कमलेश शाह ने कहा आप सभी धार्मिक संगठनों से जुड़े रहकर भक्ति मार्ग पर अडिग रहे में आपके हर धार्मिक कार्य में सहयोग करता रहूँगा।

विधायक जी के द्वारा अमरवाड़ा नगरपालिका के राजस्व विभाग के कर्मचारियों को ज़िले में राजस्व वसूली में प्रथम स्थान प्राप्त करने उत्कृष्ट वसूली हेतु सम्मानित किया गया ।आयोजित कार्यक्रम को विधायक राजा कमलेश शाह नपाध्यक्ष प्रीति तिवारी राजस्व सभापति आरिफ़ शाह ने संबोधित किया ।कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र पटेल आभार प्रदर्शन मण्डल अध्यक्ष सचिन नेमा ने किया ।

**विधायक कमलेश शाह ने वितरित की भजन सामग्री**

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा भाजपा नेता नितिन तिवारी संतोष पटेल सुरेश साहू नीलेश साहू सभापति संजू सूर्यवंशी कल्पना साहू आरिफ़ शाह विनोद साहू नीतू पटेल नविता चौरसिया अर्पित श्रीवास्तव राजकुमार बरकड़े दीपा सूर्यवंशी दुर्गा वंशकार मुकेश सूर्यवंशी अनुभव परिहार अभय चौरसिया अतुल यादव तहसीलदार राजेश मरावी सीएमओ रोशन सिंह बाथम सभी महिला रामायण मण्डल सदस्यों एवम् हितग्राहियों सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**सिवनी, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयपाल सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन मानव स्वास्थ्य के लिये एक गंभीर खतरा है जो स्वच्छ हवा, पानी, भोजन और आश्रय तक पहुंच को प्रभावित करता है, साथ ही संक्रामक रोगों के प्रसार को भी बढ़ाता है। जलवायु परिवर्तन से स्वच्छ हवा, पानी और भोजन की कमी, स्वास्थ्य के जोखिम, मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभाव,गरीबी एवं स्वास्थ्य असामान्यता जैसे प्रभाव दिखाई देते हैं। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव कार्यक्रम का उद्देश्य मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करना होगा एवं जलवायु परिवर्तन के संभावित प्रभावों के लिये तैयार रहना होगा।

# चौरई विधायक चौधरी ने किया रंगमंच का भूमिपूजन



**बिछुआ, देशबन्धु।** बिछुआ के ग्राम अम्बाड़ी में विधायक निधि 1.50 लाख रुपये राशि से स्वीकृत रंगमंच का भूमिपूजन विधायक सुजीत सिंह चौधरी , इंद्रपाल पटेल , देशलाल धुर्वे जी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिछुआ अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर ने पूर्जा अर्चना कर भूमिपूजन किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से हर्ष विश्वकर्मा , प्रेम सिंह उइके,विपिन उइके,किरण कुडोपे, बलवान टेकाम, अरूण उइके, भोलेश्वर उइके , देवाजी कड़पे जी , एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता एवं मातृ शक्ति मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

शनिवार 29 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र कृष्ण पक्ष की अमावस्या, नक्षत्र-उ. भा.।

**मेष**
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ**
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन**
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क- 257-155

**कर्क**
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह**
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या**
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला**
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक**
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु**
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर**
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ**
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन**
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म. 370-120

1,3,6,8,10,35,64,88,84,91,60,11

# धूमधाम से मनाई कर्मा देवी जयंती

**छपारा, देशबन्धु** ।नगर साहू तेलीय समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त व साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती मंगलवार 25 मार्च को धूमधाम से मनाई गई।

सामाजिक मंगल भवन में सामाजिक जनों ने सुबह 11बजे से पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात नगर में शाम 6बजे से नगर भ्रमण पर भव्य कलश व शोभायात्रा, मां कर्मा देवी की प्रतीकात्मक सजीव झांकी के साथ - साथ भगवान श्री कृष्ण,माता राधा रानी के साथ जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई साथ ही मथुरा वृंदावन से आए हुए कलाकारों द्वारा चलित झांकी का प्रदर्शन किया गया जो कि नगर में आकर्षण का केंद्र रहा भव्य रैली मंगल भवन से प्रारंभ होकर नगर के मुख्यमार्ग में निकाली गई तथा समापन मंगल भवन में हुआ जिसमें बुजुर्गों महिलाओं बच्चों नव युवकों ने हर्षोल्लास उमंग के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



वही साहू समाज के अध्यक्ष गुलाब साहू द्वारा बताया गया कि भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर साहू समाज द्वारा पूजन पाठ के पश्चात भव्य शोभा यात्रा निकाली गई,इस बार शोभा यात्रा पर भगवान जगन्नाथ का रथ यात्रा की अनुकृति नगर में प्रस्तुत की गई जो की हम सभी के साथ नगर वासियों के लिए बड़ी गौरव का पल रहा वही समस्त छपारा वासियों ने भगवान जगन्नाथ के रथ का दर्शन पूजन पाठ कर आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन का अच्छा सहयोग के चलते रास्ते पर जगन्नाथ यात्रा पर किसी भी प्रकार का व्यवधान नही आया इसके लिए हम सभी सामाजिक बंधु आभारी हैं। इस दौरान छपारा नगर में विशाल शोभायात्रा कर्मा जयंती के अवसर पर निकाली गई. जिन में कई आकर्षक झांकियां देखने को मिली।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण आज

**छपारा, देशबन्धु।** नगर के बस स्टैंड परिसर में क्षत्रिय समाज द्वारा राष्ट्र गौरव क्षत्रिय कुल भूषण महाराणा प्रताप की प्रतिमा का आगामी 29 मार्च को अनावरण कार्यक्रम प्रादेशिक स्तर से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाना है।





छपारा नगर के श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि लगभग पांच माह पूर्व 15 फुट की लगभग तीन टन वजनी क्षत्रिय समाज के कुल गौरव महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा बस स्टैंड परिसर में स्थापित की गई है उक्त प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम 29 मार्च को रखा गया है।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश शासन के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत,राघोगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह वही क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते,म.प्र.शासन के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह,डिंडोरी विधायक ओमकार मरकाम, अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह वहीं क्षत्रिय समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ठा. जयकेश सिंह,महिला अध्यक्ष अनुराधा सिंह, साथ ही सत्यनारायण सिंह प्रांतीय अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

**भव्य आयोजन में प्रसिद्ध देवी गायिका शहनाज अख्तर देंगी प्रस्तुति**

वहीं म.प्र.क्षत्रिय समाज के समाजिक जन बड़ी संख्या में पहुंचेंगे । साथ ही आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार शाम 5 बजे से देर शाम तक प्रसिद्ध भजन एवं देवी गीत गायिका शहनाज़ अख्तर द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही 29 मार्च को भव्य कार्यक्रम के आयोजन को देखते हुए बस स्टैंड परिसर में मंच बनाया जा रहा है इसके चलते लोगों को असुविधा न हो जिसको लेकर आयोजन समिति द्वारा विधिवत अनुमति लेकर एक रुट चार्ट तय किया गया है जिससे बाहर से आने वाले वाहनो को असुविधा न हो इसका विशेष ख्याल रखा गया है ।उक्त कार्यक्रम में नगर सहित क्षेत्रीय ग्राम वासियों एवं जिलावासियों से पहुंचने की अपील की गई है ।